दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्ष :-04
अंकः-223
मुरादाबाद
04 December 2024
(Wednesday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## विश्व दिव्यांग दिवसः सीएम योगी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, वितरित किए राज्य स्तरीय पुरस्कार

विश्व दिव्यांग दिवस पर सीएम योगी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस भी है। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती भी है। वह स्वतंत्रता





संग्राम सेनानी भी थे, देश की संविधान सभा के अध्यक्ष भी थे।कई महापुरुषों का दिया उदाहरण- कहा कि दिव्यंगता एक शारीरिक कम मानसिक स्थिति मानी जाती है। उन्होंने ऋषि अष्टावक्र और सूरदास को याद करते हुए कहा कि उनके बिना श्री कृष्ण कथा पूरी हो सकती है क्या? दुनिया को फिजिक्स की नई थ्योरी देने वाले वैज्ञानिक को याद कीजिए। याद कीजिए स्वामी रामभद्राचार्य जी को। कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्हें मंच मिला, समाज का थोड़ा प्रोत्साहन और संबल मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का लाभ मानवता देश को दिया है। यह साबित किया कि हम किसी से कम नहीं हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि आज राज्य के अंदर दो-दो दिव्यांग विश्वविद्यालय हैं।कॉलेज की संख्या और बढ़ाई जानी चाहिए उनके लिए कॉलेज अलग से संचालित है। लेकिन, मेरा मानना है कि इन कॉलेज की संख्या और बढ़ाई जानी चाहिए। इसमें पढ़ाने वाले शिक्षकों को अधिक सुविधाएं और मानदेय मिलना चाहिए।

आज 21 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 46 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले छात्रों ने 90-95 फीसदी तक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कुछ नया किया है। सीएम ने कहा कि दिव्यांग बच्चों द्वारा पेश मधुर गीत में अद्भुत मिठास थी। बच्चों का अनुशासित व्यवहार दिखाता है कि आप काम करेंगे तो रिजल्ट अपने आप आपकी काबिलियत बताएगा।

## संभल हिंसा पर अखिलेश यादव का बड़ा बयान, खोदोगे तो देश का सौहार्द 'खो दोगे'



संभल हिंसा पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम घटना पर अपनी बात सदन में रखना चाहते हैं। वहां के अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं, मानो वे भाजपा के कार्यकर्ता ।संभल की घटना भाजपा की सोची-समझी रणनीति है, ताकि लोगों को दूसरे मुद्दों से भटकाया जा सके। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने संभल हिंसा पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से संसद सत्र शुरू हुआ है, समाजवादी पार्टी ने संभल की घटना का मुद्दा उठाने की कोशिश की है। सदन नहीं चला, लेकिन हमारी मांग अब भी वही है। हम संभल की घटना पर अपनी बात सदन में रखना चाहते हैं। वहां के अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं, मानो वे भाजपा के कार्यकर्ता ।संभल की घटना भाजपा की सोची-समझी रणनीति है, ताकि लोगों को दूसरे मुद्दों से भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग हर जगह खुदाई करना चाहते हैं, एक दिन वे देश की सौहार्दता और भाईचारे को खो देंगे। बांग्लादेश मुद्दे पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भारत सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए, ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए, अगर वे हमारे संतों का सम्मान नहीं कर सकते तो वे एक मजबूत सरकार होने का दावा कैसे कर सकते हैं। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि इस तरह के सर्वेक्षणों (मस्जिदों के) के जरिए देशभर में अशांति पैदा करने की साजिश रची जा रही है। सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे आदेश देने वाले जजों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। संभल में मस्जिद सर्वे के दौरान हुआ था बवाल - संभल में 24 नवंबर को मस्जिद के सर्वे को लेकर बड़ा बवाल हो गया। विवाद के दौरान फायरिंग और पथराव की घटनाओं में पांच लोगों की जान चली गई। करीब 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से अधिकांश पुलिसकर्मी हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने स्थिति पर काबू पाने के लिए कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार



### यूपी सरकार के मंत्री का विवादित बयान, बोले- हिंदुस्तान में रहना है तो राधे राधे कहना है

यूपी सरकार के मंत्री का विवादित बयान सामने आया है। रामकथा के मंच से कहा कि हिंदुस्तान में रहना है तो राधे राधे कहना है । उत्तर प्रदेश के अमेठी में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने एक कार्यक्रम में विवादित बयान दिया है। उन्होंने रामकथा के मंच से कहा कि हिंदुस्तान में रहना है तो राधे राधे कहना है। किसी ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो यह वायरल हो गया। अब लोग इस पर अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। यूपी सरकार में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रामकथा में पहुंचे थे। वह मंच से लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने कह दिया कि हिंदुस्तान में रहना है तो राधे राधे कहना है। इस दौरान मंच पर उनके साथ उनके बेटे मौजूद थे। मयंकेश्वर शरण सिंह जिले की तिलोई विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। सूबे के राज्यमंत्री हैं।

## मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से निपटने का खाका तैयार, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर समिति का गठन

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित मरीजों के इलाज व इस क्षेत्र में काम करने के लिए समिति के गठन का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित सरकार प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र में तेजी से द्वारा इसका खाका तैयार किया गया सकती है डिप्टी सीएम के निर्देश पर है। समिति के सुझावों के आधार पर जाएगा। यह कहना है प्रदेश कि डिप्टी पिछले दिनों विधानसभा स्थित कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए बैठक में डिप्टी सीएम ने मस्कुलर



मरीजों को इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में काम चल रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक है। मरीजों को क्या सहायता उपलब्ध कराई जा इसके लिए एक समिति का गठन किया गया मरीजों को गुणवत्तापरक इलाज उपलब्ध कराया सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बताया कि कार्यालय कक्ष में इस विषय पर आहूत बैठक में थे।स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित मरीजों को उचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए थे। निर्देशों के आधार पर प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। समिति की अध्यक्ष चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव अपर्णा यू, चिकित्सा शिक्षा विभाग की विशेष सचिव कृतिका शर्मा को सचिव, केजीएमयू के कुलपति, आरएमएल के निदेशक, एसजीपीजीआई के निदेशक एवं दिव्यांजन शक्तिकरण विभाग द्वारा नामित अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

## ओम बिरला की सांसदों को दो टूक, कहा- अगर ऐसे ही टलती रही कार्यवाही तो रविवार को भी बुलाया जाएगा सदन

अदाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र का पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। मंगलवार को भी हंगामे जारी रहा। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी दी। संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन यानी मंगलवार को भी हंगामा



जारी रहा। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी दी कि अगर स्थगन के कारण सदन की कार्यवाही ऐसी ही बाधित होती रही तो शनिवार और रविवार को भी सदन बुलाया जाएगा। सरकार और विपक्षी दल एक समझौते पर पहुंचे- सरकार और विपक्षी दलों ने सोमवार को संसद में एक सप्ताह से चल रहे गतिरोध को तोड़ने के लिए एक समझौते पर पहुंच गए, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा में संविधान के 75वें वर्ष को अपनाने के अवसर पर चर्चा के लिए तारीखों की घोषणा की गई थी।इस दिन संविधान पर होगी चर्चा- निचला सदन लोकसभा 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा करेगा, जबकि उच्च सदन राज्यसभा 16 और 17 दिसंबर को संविधान पर चर्चा करेगा। प्रश्नकाल के तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, शनिवार यानी 14 दिसंबर को सदन की बैठक सुबह 11 बजे होगी। यदि आप स्थगन जारी रखते हैं, तो जितने दिन इसे स्थगित किया गया है, आपको शनिवार और रविवार को भी कार्यवाही में शामिल होना होगा। इन मुद्दों के कारण नहीं चल पा रही सदन - उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि उन्होंने आज किसी भी स्थगन नोटिस की सूचना देने की अनुमति नहीं दी है। अदाणी विवाद, उत्तर प्रदेश के संभल में हाल की हिंसा और अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पिछले सप्ताह लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल सकी है।

## मनरेगा को लेकर शिवराज सिंह चौहान और कल्याण बनर्जी भिड़े, मंत्री बोले- TMC ने अपात्रों को दिया लाभ

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि मनरेगा के बजट आवंटन में पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव किया जा रहा है और उसे देय राशि रोकी गई। इसके जवाब में शिवराज चौहान ने कहा कि यह राशि निश्चित उद्देश्यों के लिए होती है। अदाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र का पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। हालांकि, मंगलवार को सातवें दिन कार्यवाही हुई। इस दौरान, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी' (मनरेगा) योजना के तहत बजट आवंटन का दुरुपयोग किया गया तथा 'अपात्र' लोगों को लाभ पहुंचाने का अपराध





किया गया है। पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव किया जा रहा- कल्याण बनर्जी- मनरेगा पर एक सवाल के दौरान पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर से सांसद कल्याण बनर्जी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भिड़ गए। दरअसल कल्याण बनर्जी ने अपने सवाल में आरोप लगाया कि 2022-23 में बंगाल को केंद्र की तरफ से कोई पैसा नहीं मिला। बनर्जी ने कहा कि केंद्र दलील दे रही है कि इस योजना में गैरकानूनी काम हुए हैं, क्या गैरकानूनी काम हुए हैं? बनर्जी के सवाल का जवाब देने के लिए उठे शिवराज चौहान ने कहा कि मनरेगा की राशि निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए होती है। अगर ये राशि निश्चित उद्देश्य की पूर्ति में नहीं जा सकती है तो इसे रोका जा सकता है।शिवराज चौहान बोले- बंगाल में पात्र लोगों को अपात्र बनाया मंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ निश्चित लोगों को लाभ पहुंचाने का अपराध पश्चिम बंगाल में किया गया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़े कामों को छोटा करके कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाने का अपराध किया है।

इस योजना के तहत अपात्र लोगों को पात्र बनाया गया और पात्र लोगों को अपात्र बनाया गया, यह साबित हो चुका है। ग्रामीण विकास योजनाओं के नाम बदले गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम बदलकर अपना नाम रखने का अपराध किया है। इसी योजना के तहत भी अपात्र लोगों को लाभ दिया गया और पात्र लोगों को छोड़ दिया गया। यह राशि दुरुपयोग के लिए नहीं है, यह अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं है। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। जैसा कि पीएम मोदी ने कहा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास%, लेकिन हम राशि का दुरुपयोग नहीं होने देंगे। मोदी जी कहते हैं कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा।'धन के आवंटन की कमी की बात गलत- पेम्मासानी- उनके जवाब के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने टोकाटोकी की। मनरेगा से जुड़े कुछ पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि धन के आवंटन की कमी की बात गलत है तथा मानदेय कम होने की बात भी गलत है क्योंकि इसका निर्धारण महंगाई से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के बजट में हर साल 10-20 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई।अबुआ आवास योजना में मनरेगा का फंड जाने का आरोप- मनरेगा के तहत वेतन बांटने की चर्चा के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, मनरेगा निधियां श्रम घटक के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना में जाती हैं और मेरे विचार से शायद भारत सरकार ने इसकी अनुमति दी है। क्या मनरेगा का फंड राज्य सरकार की योजना अबुआ आवास योजना में जाता है, क्या श्रम घटक में इसकी अनुमति है? यदि इसकी अनुमति नहीं है, तो आपने क्या कार्रवाई की है? मैं मंत्री (शिवराज सिंह चौहान) से यह पूछना चाहता हूं। अगर ऐसा है तो करेंगे जांच- चौहान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का पैसा मजदूरों को मजदूरी देने के लिए है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी उस परिवार के सदस्य को मजदूरी दी जा सकती है, जिसका घर बन रहा है। अगर यह पैसा अबुआ आवास योजना में जाता है, तो हम इसकी जांच करेंगे और अगर इसका दुरुपयोग किया गया है, तो हम इसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

संपादकीय Editorial

## Earning from public land

Innovation is needed to grow a purpose on land or the wealth used needs a product. HPMC is going to make a unique effort of this kind. Once, with great zeal, the corporation had bought three acres of land in Kolkata, so that Himachal's horticulture could get support in the chain of cold storage. This purpose could not be established on that land, but this white elephant always remained a thorn in the eyes of the corporation. Amidst the proposals to sell the land, the corporation is now looking for an opportunity to increase its income, which is like a new advocacy of economics. HPMC is working on a plan to set up an IT park with one of its business partners on three acres of land in Kolkata and charge rent every month. HPMC's steps from fruit processing to information technology in the packaging of resources are actually the yearning to earn extra. If other corporations also diversify their capabilities with this feeling, then innovation of choosing many earning paths will be visible. One will have to make efforts for packaging the income. For example, Nahan Foundry has been a successful enterprise of Himachal in its story of good days, but simple solutions to managerial challenges weakened its potential. The very valuable land of this enterprise was located in other states, but the means of earning by selling it in lieu of ghats limited it. Similarly, the Milk Federation finds economic space in the production of sweets or gajak once or twice a year, but later fills the void in the interest of the customers. Technically, if something has to be achieved in milk products, then many products will have to be added with continuity. There was a time when HPMC also used to do national level marketing for its products. Then HPMC's juice bars at every bus stand and railway station of the country made its products the national drink. Now the machinery has worn out or the government enterprises are unable to understand the changing market of consumers. Actually, there is no consciousness towards R&D or innovation in the government nature of Himachal. Under a routine, all the corporations keep making old pages red in their headquarters i.e. Shimla. Now the time has come to shift the headquarters of all the boards and corporations of the state from Shimla to the production areas. The headquarters of HPMC should be attached to Parwanoo processing plant, while the Milk Federation should get a permanent place in the proposed milk plant of Dhagwar. The headquarters of HRTC should be in Hamirpur or Una, while the Electricity Board should be completely shifted to Sundarnagar. The state can carve out a government house in Shimla, but it will get the power to run the house at the district headquarters outside the capital. Corporations related to industry and finance should establish their headquarters in BBN. ??If the vision of BBN as the economic capital of Himachal is realised, then all the state level offices of the banking sector should be established there. Similarly, if Kangra is to be made a tourism capital, then the headquarters of HPTDC should be shifted out of Shimla. However, if HPMC is thinking of earning from IT Park on Kolkata's land to meet the needs of the time, then every Municipal Corporation, Municipal Council-Panchayat and Panchayat will have to find options to generate income on their own land. If the Road Transport Corporation develops its bus stations as infrastructure for tourism and business, then dozens of malls can be developed simultaneously and the corporation can be saved from losses.

# Lack of internal democracy in political parties

Aspects like hard work and dedication of party workers often become secondary in ticket distribution. In it, the entire emphasis is given only to the winning angle. In such a situation, loyal workers are sidelined and priority is given to money power, muscle power and caste-religious aspects. Especially, as elections are becoming more expensive, the importance of money power is increasing. In contemporary Indian politics, defection is a quagmire in which almost every political party is stuck. If we don't go too far, whether it is the Lok Sabha elections held from April to June or the assembly elections of Haryana and Jammu and Kashmir held recently, or if we take the example of Maharashtra-Jharkhand, which are facing the election process these days, then you may be confused about some leaders as to which party they are associated with these days. All the parties in both the states are grappling with dissatisfied and rebel candidates. In fact, leaders and parties have made defection so normal that it seems as if it is not an issue at all. However, this is not so. Whether it is a demand of morality or if we talk about an ideal political system, then this practice of defection definitely raises the question of trust and credibility in the political system. The first question that arises in this debate is why does this practice continue in our system? If we investigate the answer to this, then we will see the lack of political and election reforms. The mentality of some of our leaders, motivated by vested interests, is also at the root of this, which, if not a partner in power, at least wants to be close to it. Defection usually happens in two ways. One is before the election and the other is after the election. It is natural that people change sides in case they are denied a ticket in the election. However, there is not much danger in this, because before the election, the situation is clear to the voters as to who is in whose camp. In both situations, the defection that happens after the election is of a much more serious nature, because there is a greater risk of cheating the voters. Perhaps this is the reason that to curb the post-election defections, the Rajiv Gandhi government enacted the Anti-Defection Law in 1985, which was further strengthened by the Atal Bihari Vajpayee government in 2002. This did solve the problem of post-election defections to some extent, but it could not be completely resolved. The leaders have found a solution to this as well. Since a certain number is required for defection, after making that arrangement, it has now started happening in a more institutionalized manner. Even the majority figures are distorted by the representatives resigning from their membership of the House after the election. After that, the electoral process has started becoming even more cumbersome due to by-elections. At the same time, when the parties of the alliance fighting the election together go their separate ways for the sake of power, then that too is a kind of deception with the public opinion and mandate. The problem of defection has become more severe with time, and our political parties are the most guilty of it. Small parties are being run like personal estates, but the condition of big parties is also not very good. The leadership of big parties has also become centralized beyond limits. Internal democracy is also not in an ideal state. There is no definite process for candidate selection. In ticket distribution, aspects like hard work and dedication of the party worker often become secondary. In it, full emphasis is given only on the winning angle. In such a situation, loyal workers are being sidelined and priority is being given to money power, muscle power and caste-religious aspects. Especially as elections are becoming more expensive, the importance of money power is increasing. In such a situation, wealthy candidates have started getting preference. If such claimants do not get a ticket from their party due to some reasons, then the rival party accepts them readily. In many cases, it has also been seen that within five minutes of taking membership of the party, the said person is declared a candidate by the party. A leader who was holding a rally in favor of someone till half an hour ago suddenly reaches the stage of another party and starts lobbying for it. This highlights the ironies of the Indian political scenario. No legal initiative can necessarily be effective in stopping defection. Just look at the ill-effects of the anti-defection law. After its implementation, the personal rights of the public representatives have become so limited that they cannot even present their views on many issues. Many political observers interpret this situation in such a way that after the implementation of the anti-defection law, the public representatives have become 'bonded' to the political parties. Therefore, it would be better if the public itself becomes aware of this matter and forces the political parties to be responsible and accountable. All parties should work to correct the structural deficiencies related to our political system and take steps towards long-pending political and election reforms. Some lessons can be learnt in this matter from the countries of America and Western Europe. Our political parties can move forward by assimilating the positive points of the well-organized and well-organized political system of the West. In this, the system from the process of candidate selection to election funding and political adjustment can be improved. Although it is not that there is no problem of defection in the mature democratic countries of the West, but it is not so severe. There, from leaders to Political parties are quite vocal about their ideological insistence and the politics of ideology is not such that it can be suddenly changed like a skin. Whereas in India, even the leaders who claim to carry the palanquin of ideology do not shy away from changing it like clothes in this matter. In such a situation, if the ideology, internal democracy and the process of candidate selection are made transparent, then the problem of defection can be curbed to a large extent.

# PM Awas Yojana is an ambitious scheme, promoting transparency

PM Awas Yojana Scheme There is a need to end the competition of schemes that are unproductive or promote freebies. Government money should not be allowed to be used to create vote banks. This is the right time that people should be given the same facilities in every government scheme as are being given to the applicants of PM Awas Yojana. The most notable of the various improvements made in the second phase of PM Awas Yojana, which fulfills the dream of owning a house of Modi government, is that now the applicants will also be able to know the status of their application. This will not only let them know when their dream of owning a house will be fulfilled, but in case of any obstacle, they will also be able to know who is responsible for it. Due to this, it will be easy for the government to complete the houses being built under PM Awas Yojana on time. PM Awas Yojana is an ambitious scheme. In the first phase of this scheme, approval was given to build 1.18 crore houses. Most of these have been built. In the second phase of this scheme, a target has been set to build one crore houses. A budget of Rs 10 lakh crore has been kept for this. This includes a subsidy of Rs 2.3 lakh crore. Every possible measure should be taken to ensure that such a huge amount is utilized properly and on time. At present, it is difficult to say when all those people in urban and rural areas who do not have their own house will be able to get a roof over their head, but it cannot be ignored that the PM Awas Yojana is helping in fulfilling the desire of crores of people. When homeless people get their own house, they not only find themselves more capable along with living a better life by being equipped with civic amenities, but their self-confidence also increases. They are ready to increase their income and thus help in the economic upliftment of the nation. Whether it is the central government or the state governments, they should pay special attention to such schemes that can help people stand on their own feet. It is not right that when there is a need to give top priority to schemes that make people self-reliant and economically more and more capable, then there is a race to implement populist schemes. There is a need to end the competition of schemes that are unproductive or promote freebies. Government money should not be allowed to be used to create vote banks. This is the right time that people should be given the same facilities in every government scheme as are being given to the applicants of the Pradhan Mantri Awas Yojana. This will not only bring transparency in the implementation of schemes, but will also help in completing them on time. It cannot be ignored that there is still a lack of transparency in government functioning. At least this should happen in every government department so that people know what is the status of their application or where and why the solution of the complaint they have made is stuck?



# मुस्लिम डॉक्टर को बेचा मकान तो लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट से की शिकायत, कहा- पोश कॉलोनी का खराब हो सकता माहौल

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइंस इलाके की एक पोश कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट



से शिकायत की है कि कॉलोनी में रहने वाले आइ स्पेशलिस्ट डॉक्टर बजाज ने अपना मंदिर के पास स्थित मकान मुस्लिम समुदाय के डॉक्टर युसूफ को बेच दिया है। जिसकी वजह से कॉलोनी का माहौल खराब हो सकता है। शिकायत करने वालों का आरोप है कि टीडीआई सिटी में 1800 हिंदू परिवार रहते हैं और कॉलोनी में गेट भी लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर बजाज ने मुस्लिम समुदाय के यह मकान बेचकर कॉलोनी का माहौल खराब करने का प्रयास किया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से मांग की कि वह इस मामले में हस्तक्षेप कर इस मकान की रजिस्ट्री कैंसिल कराएं। कॉलोनी के लोग डॉक्टर युसूफ को पूरा पैसा देने के लिए भी तैयार हैं। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट ने जांच कर कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मकान खरीदने वाले मशहूर डॉक्टर युसूफ से जब संपर्क किया तो वह ऑपरेशन करने में व्यस्त हैं। वो दोपहर बाद मीडिया से मिलकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

# जर्जर हालत में गागन नदी पर बना पुल, बरेली जैसे हादसे का इंतजार

## टूटी रेलिंग के चलते नदी में गिरने से बचा सवारियों से भरा टेंपो, टला हादसा, जिम्मेदारों की लापरवाही से कभी भी हो सकती है जनहानि

मुरादाबाद। कुछ दिन पहले बरेली में गूगल मैप ने टूटे पुल की लोकेशन देकर तीन जिंदगी खत्म कर दी थी। कुछ ऐसी ही हालात मुरादाबाद में भी है। जहां गागन नदी पर बने पुराने पुल की रेलिंग 20 दिन से टूटी हुई है। जिसकी वजह से सवारियों से भरा एक टेंपो नदी में गिरने से बाल-बाल बचा। रेलिंग



नहीं होने की वजह से टेंपो नदी में लटक गया। गनीमत रही कि टूटी रेलिंग में फंसने से टेंपो नीचे गिरने से बच गया। वरना यहां भी बड़ा हादसा हो सकता था। दिल्ली रोड स्थित लाकड़ी तिराहे से चंद कदम निकलते ही मझोला थाने से पहले गागन नदी पर दो पुल बने हैं। जिसमें नीचे की साइड पर बने पुराने पुल की रेलिंग 20 दिन पहले टूट गई। हालांकि यह पुल जर्जर है और 2016 में इस पर ट्रैफिक भी रोक दिया गया था। कई महीने तक इस पुल पर ट्रैफिक बंद रहा। लेकिन बाद में यहां बिना ठोस मरम्मत के पुल पर यातायात फिर से शुरू कर दिया गया। सोमवार को इस पुल पर हादसा होने से बच गया। हुआ यूं कि सवारियां भरकर जा रहे टेंपो चालक को टूटी हुई रेलिंग नहीं दिखी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और टेंपो पुल से नीचे गिरने से बच गया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में टेंपो में मौजूद सवारियों को किसी तरह बाहर निकाला गया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। प्रतिदिन गुजरते हैं अधिकारी, नहीं ली जाती जर्जर पुल की सुध- अलग-अलग विभागों में तैनात छोटे-बड़े सभी अधिकारी इस पुल से होकर गुजरते हैं। दिल्ली हाईवे को महानगर को जोड़ने के लिए यही पुल एकमात्र जरिया है। लेकिन 20 दिनों से टूटी पड़ी इस रेलिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं गई है। अधिकारियों को शायद यहां भी बरेली जैसे किसी बड़े हादसे का इंतजार है। 20 दिन से अभी तक किसी भी अधिकारी ने इस पुल की सुध नहीं ली है। जर्जर पुल पर लगा दी गईं महापुरुषों की मूर्तियां व फोटो- महानगर को स्मार्ट बनाने के नाम पर इसी गागन पुल पर झाड़ियों में महापुरुषों की पत्थर की मूर्तियां तो लगा दी गईं। लेकिन यहां टूटे पुल की मरम्मत की सुध अधिकारियों ने नहीं ली। महानगर को स्मार्ट बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये पत्थरों की प्रतिमाओं में लगाने वाली अफसरशाही प्रतिमाएं लगाने से पहले पुल की पटरियों की झाड़ियां तक साफ नहीं करा सकी। जिसके लिए किसी अतिरिक्त बजट की आवश्यकता भी नहीं थी।

# महानगर की सड़कें बदहाल, कारोबार भी हुआ ठप...ग्राहक खरीदारी के लिए नहीं आ रहे

## स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते जीएमडी रोड से लेकर ताड़ीखाना चौराहे तक टूटी हैं सड़कें

मुरादाबाद। महानगर स्मार्ट तो नहीं हुआ, सड़कें जगह-जगह बदहाल पड़ी हैं। जीएमडी रोड से ताड़ीखाना





तक टूटी सड़कें आम जनमानस के लिए मुसीबत बनी हैं। इन सड़कों पर चलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते व्यापारियों के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। ग्राहक भी खरीदारी के लिए नहीं आ रहे हैं।महानगर में स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते अधिकांश जगहों पर सड़कों की खोदाई कर उसी हालत में छोड़ दी जा रही हैं। छह माह से एक-एक साल तक सड़कें टूटी पड़ी रहती हैं। जिसका खमियाजा क्षेत्रीय लोगों के साथ ही व्यापारियों को भी उठाना पड़ता है। महानगर के जीएमडी रोड से लेकर ताड़ीखाना चौराहे तक आवाजाही और खरीदारी के लिए मुख्य मार्ग है। यहां से हर रोज हजारों वाहन व लोग दिन-रात गुजरते हैं। मुख्य बाजार होने की वजह से लोग खरीदारी करने के लिए आते हैं। इतना ही नहीं महानगर की घनी आबादी के बीच होने के कारण बच्चों के स्कूल आने-जाने का भी यही रास्ता है। ऐसे में बच्चों व लोगों को चोट लगने का डर बना रहता है। इसके बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। व्यापारी गौरव का कहना है कि शादी का सीजन चल रहा है। पिछले दो माह से सड़कें टूटी पड़ी हैं। इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है। इसका असर अब उनके कारोबार पर पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के चलते पिछले दो माह से सड़कें टूटी पड़ी हैं। जिस वजह से हम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कें टूटी होने से ग्राहक आना नहीं चाह रहे हैं। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है।- गौरव आहूजा, व्यापारी दो माह से सड़कें टूटी हैं। इस वजह से दुकान पर बैठना भी मुश्किल हो रहा है क्योंकि धूल अंदर आती है। अगर पानी डालकर मिट्टीह को गीला कर देते हैं,तो लोगों के फिसलने का डर बना रहता है। इससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। - गुरजीत सिंह, व्यापारी जीएमडी रोड से ताड़ीखाना चौक तक सड़क टूटी है। इससे जाम भी लग रहा है। स्कूल की छुट्टी के समय बस और वैन की वजह से घंटों जाम रहता है। जिससे ग्राहक इस तरफ खरीदारी करने के लिए आना नहीं चाहते। - अंकित गगनेजा, व्यापारी शहर का मुख्य मार्ग होने की वजह से प्रतिदिन हजारों लोग और वाहन गुजरते हैं। सड़क टूटी होने के कारण लोगों को दुर्घटना का भी डर बना रहता है। सड़कें खोद कर छोड़ दी गई हैं लेकिन, कोई कार्य नहीं हो रहा है। अधिकारियों को सड़क जल्द बनवानी चाहिए।- विकास, जीएमडी रोड

# नए साल में और बढ़ जाएगी स्मार्ट सिटी की चमक, 69.04 करोड़ की लागत से हो रहा है सौंदर्यीकरण कार्य

## स्मार्ट रोड नेटवर्क और रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया परियोजना इस माह के अंत या जनवरी के प्रथम सप्ताह में होगी पूरी

मुरादाबाद। महानगर को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट सिटी की चल रही परियोजनाओं में से 2 अन्य परियोजनाएं दिसंबर के अंत या 15 जनवरी तक पूरी हो जाएंगी। इनके पूरा होने पर महानगर के पॉश क्षेत्र बुध बाजार, इंपीरियल तिराहा, जेएमडी रोड आदि क्षेत्रों में स्मार्ट रोड का नेटवर्क फैल जाएगा।





साथ ही पुराने बाजारों का सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूरा हो जाएगा। इससे नए साल में स्मार्ट सिटी की चमक और बढ़ जाएगी। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 37 परियोजनाओं में से 32 पूरी हो चुकी हैं। पांच लंबित हैं। इसमें से 127 करोड़ रुपये का स्मार्ट रोड नेटवर्क और 69.04 करोड़ रुपये की रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया परियोजना भी अधर में है। इसका कार्य अतिक्रमण न हटने से अधर में है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने नगर निगम व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ तीन महीने पहले बुध बाजार व अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यापारियों से खुद अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया। यहां तक कि जनप्रतिनिधि भी व्यापारियों के पक्ष में खड़े रहे। तिक्रमण न हटने से अब तक यह दोनों परियोजनाएं अधर में हैं। उप चुनाव की आचार संहिता को देखते हुए नगर निगम प्रशासन व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारी आगे नहीं बढ़ रहे थे। लेकिन अब कुंदरकी विस उप चुनाव के समाप्त होने के बाद नगर निगम प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटवाने के लिए कदम उठाएगा। वहीं महानगर के कई पार्कों और डिवाइडरों आदि का सौंदर्यीकरण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसके पूरा होने से नये साल में महानगर और स्मार्ट दिखेगा। स्मार्ट सिटी मिशन के महाप्रबंधक तकनीकी अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण हटाकर दोनों परियोजनाओं को पूरा कराया जाएगा। दिसंबर के अंत या अधिकतम 15 जनवरी तक दोनों परियोजनाओं का कार्य पूरा हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

# नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर 10 से रुकेगी वंदे भारत, रद्द की गई 8 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें

मुरादाबाद। रेल मंडल के नजीबाबाद रेलवे स्टेशन के यात्रियों को रेलवे की ओर से वंदे भारत एक्सप्रेस के सफर का तोहफा दिया जा रहा है। 10 दिसंबर से लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस ( 22545-46 ) नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।



डीसीएम रेहान रजा रिजवी ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस का नजीबाबाद में नया स्टापेज बनाया गया है। लखनऊ से चलने वाली वंदे भारत नजीबाबाद में सुबह 11-08 बजे और देहरादून से इस स्टेशन पर शाम 16-17 बजे दो मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। कोहरे के चलते मार्च तक के लिए रद्द की गई 8 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें- रेलवे प्रशासन ने मंडल मुख्यालय से लखनऊ और दिल्ली के बीच संचालित होने वाली आठ जोड़ी ट्रेनों को आगामी मार्च तक के लिए रद्द कर दिया है। जिसके चलते इन स्टेशनों के कीच आवाजाही करने वाले रेल यात्रियों के तीन महीने दुश्वारियों होंगी। रेलवे ने कोहरे से निपटने के लिए रेल मंडल में चलने वाली 8 जोड़ी ट्रेनों को संचालन बंद रखने का फैसला लिया है। दो दिसंबर से एक मार्च 2025 की अवधि में मेमू और पैसेंजर ट्रेनें नही चलेंगी। मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेहान रजा रिजवी ने बताया कि कोहरे को देखते हुए इन पैसेंजर ट्रेनों को संचालन बंद किया गया है। जिसमें बरेली-दिल्ली पैसेंजर, मुरादाबाद-गाजियाबाद मेमू, शाहजहांपुर- लखनऊ और लखनऊ-शाहजहांपुर समेत अन्य ट्रेनें शामिल है। यह ट्रेनें की गई निरस्त- 04303-04 बरेली-दिल्ली 2 दिसंबर से 1 मार्च 2025 04335-36 मुरादाबाद-गाजियाबाद मेमू 1 दिसंबर से 3 मार्च 2025 04319-20 लखनऊ-शाहजहांपुर 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2025 04379-80 बरेली-रोजा 2 दिसंबर से 2 मार्च 2025 04305-06 बालामऊ-शाजहांपुर 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2025 04355-56 लखनऊ-बालामऊ 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2025 04337-38 सीतापुर-शाहजहांपुर 1 दिसंबर से 1 मार्च 2025 04365-66 मुरादाबाद-बरेली 1 दिसंबर से 2 मार्च 2025

# विश्व दिव्यांग दिवस मनाने व दिव्यांगों को सम्मानित करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद - डॉ0 भीमराव अम्नेहेकर पार्क सिविल लाइन्ना में हैण्डी कैप है हा डेवलपमेन्ट सोसाइटी, मुरादाबाद द्वारा विश्व




दिव्यांग दिवस मनाने व दिव्यांगों को सम्मानित करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव श्री सत्य पाल सिंह ने समस्त समाज से अपील की कि वे दिव्यांगों से प्रेत्र व स्नेह से बात करें व सेवा व सहायता की जब इन्हें आश्यकता से करें। दिव्यांग भी समाज का एक हिस्सा है। होते नहीं कभी किसी से भी कम दिव्यांग मिले जरा सा प्रेम/ सहयोग लगाएं ऊंची छलांग संस्थाले योजना प्रभारी श्री सुधेश कुमार जी ने बताया की संस्था दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाणपत्ल, पेंशन, स्वरोजगार, शिक्षा वस्वास्थय हेतु योजनाये संचालित कर रही जिले का कोई भी दिव्यांग संस्था से संपर्क करके निःशुल्क लाभ प्राप्त कर सकता है। इन्होंने मांग के द्वारा मौजूद जिले के अला अधिकारियों से भी अनुरोध किया। जिसमें दिव्यांग पेंशन- 3000 रु प्रतिमाह, राशन कार्डचर दिव्यांगो को 20 1द्मद्द प्रति युनिट अनाज, रोजगार हेतु 1से 10 लाख तक की सहायता राशि व दिव्यांगो को प्रताड़ित या अपमानित करने वालो को कालो पर दिव्यांग एक्ट 2016 को पूरी तरह से लागू करने की बात की वैशरसी दौड़ में प्राय-इस अवसर पर दिव्यांगो की ट्राइ साइकिल दौड़, बैशाखी दौड़, मेंहदी आदि प्रतियोगिता में आयोजित की गई जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिफाजा - इमरी हिना तीसय जैनन सभी को प्रशिस्त पल मेडल, शिल्ड आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से किया गया जागरूकता शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -नाज़िम हुसैन अंसारी

मुरादाबाद - डिलारी में मंगलवार को जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आज विपणन विकास सहायता कार्यक्रय ( एस.सी.एस.पी ) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के विकास खंड डिलारी में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने विभाग की ओर से संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित महिलाओ को बताया। साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया।उन्होंने महिलाओं को विशेष रूप से जागृत करते हुये यह कहा कि समूह के माध्यम से बहुत से ऐसे कार्य हैं जो किये जा सकते है जिससे परिवार की आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। इस मौके पर ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता , समाज कल्याण अधिकारी विख्यात चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



# अंतर विश्वविद्यालय देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में छात्र ने जीता प्रथम पुरस्कार

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की छात्रा ने आज माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल जी की प्रेरणा एवं संरक्षण में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 148वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर क्लस्टर एक के अंतर्गत अंतर विश्वविद्यालयी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ.भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा द्वारा किया गया जिसमें समूह एक के 6 विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें आगरा, मेरठ, बरेली , सहारनपुर और अलीगढ़ क्षेत्र के छह विश्वविद्यालय सम्मिलित रहे। कुलपति प्रो.के . पी .सिंह जी,कुलसचिव संजीव कुमार , नोडल अधिकारी एवं सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय , डॉ.इंदरप्रीत कौर, कल्चरल क्लब के सदस्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों ने अपर्णा मिश्रा को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जल भविष्य की कामना की।।



# जिलाधिकारी ने विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज विकास भवन में स्थित बाल विकास एवं पुष्टाहार संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बाल विकास विभाग द्वारा 0 से 5 आयु वर्ग के बच्चों के आधार कार्ड बनाने जाने किया गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए, कार्ड बनाने के कार्य मे गति लाने व कार्यक्रम अधिकारी को आधार बनाने के कार्यक्रम का प्रतिदिन अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गये। निरिक्षण के दौरान कर्मचारियो की उपस्थिति चेक की गयी, समस्त कर्मचारीगण उपस्थित पाए गए। कार्यालय कक्ष मे साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर करने तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। निरिक्षण के दौरान आँगनबाड़ी केन्द्रो के निर्माण कार्यों की मौजूदा स्थिति के बारे मे विस्तार से जानकारी ली। निरिक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ल, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सहित कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# थाना कोतवाली क्षेत्र में कार से हुए रूपये की चोरी का कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम ने किया खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। थाना कोतवाली क्षेत्र के रजिस्ट्री ऑफिस के पास से राहुल भटनागर पुत्र ज्ञानेन्द्र कश्यप उनकी कार में रखे बैग से 25 लाख रुपये अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली में चोरी की रिपोर्ट अज्ञात के विरुद्ध दर्ज करते हुए जांच की गयी, साथ ही उपरोक्त घटना के खुलासा हेतु जनपदीय एसओजी व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी थी। इसी क्रम मे मंगलवार पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक के कार्यालय में क्षेत्राधिकार प्रथम पंकज श्रीवास्तव की मौजूदगी में बरेली की एसओजी टीम एंव थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में घटना का खुलासा करते हुए मालगोदाम रोड जेल के पीछे से घटना में शामिल दो पुरुष एंव एक महिला अपराधी को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी के 19 लाख 82 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त स्कूटी एक नाजायज तमंचा एक कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में पकडे गये अभियुक्त फईम के द्वारा बताया गया कि मैं अपनी पत्नी नसीम फातिमा व दामाद शाहनूर के साथ मिलकर ऐसे स्थानों पर घूम कर रैकी करते हैं जहां लोग पैसो को लेकर आते जाते हैं, और मौका लगते ही उनकी कार या मोटर साईकिल,स्कूटी की डिग्गी से पैसो के थैले लेकर भाग जाते हैं। पकडे गये अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही थाना स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। आरोपी फईम खाँ पर चोरी व अन्य आरोपों में तीन मुकदमे पहले से दर्ज है जिसमें थाना इज्जत नगर में एक कर से पिस्तौल चोरी होने का मुकदमा में शामिल है गिरफ्तार आरोपीयों में फईम खाँ पुत्र रफीक निवासी हजियापुर चुंगी थाना बारादरी बरेली उम्र करीब 48 वर्ष, दूसरा आरोपी शाह नूर पुत्र नवाब अली निवासी लोधी टोला थाना बारादरी बरेली उम्र करीब 22 वर्ष। तीसरी आरोपी नसीम फातिमा पत्नी फईम खाँ निवासी हजियापुर चुंगी थाना बारादरी बरेली उम्र करीब 45 वर्ष शामिल रहे। गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा प्रभारी एस ओ जी टीम बरेली, उपनिरीक्षक नवीन कुमार एस ओ जी टीम बरेली नैपाल सिंह प्रभारी चौकी बिहारीपुर कोतवाली बरेली विक्रान्त आर्या प्रभारी चौकी स्टेशन रोड कोतवाली, महिला उपनिरीक्षक अंडर ट्रेनिंग जागृती गौतम थाना कोतवाली, मुख्य आरक्षी एसओजी टीम संजय सिंह नवीन,राहुल चौधरी आरक्षी प्रशान्त कुमार, ऋषभ चौधरी,सुनील कुमार,संदीप चाहर एस ओ जी टीम, थाना कोतवाली बरेली से ऊधम पवाँर, नवीन मलिक शामिल रहे।



# उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए 30 नवंबर और 1 दिसंबर को आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए ) बरेली ने एक बार फिर उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए 30 नवंबर और 1 दिसंबर को आयोजित आईएमए यूपी स्टेट के 89 वें वार्षिक सम्मेलन में 2023-24 के लिए आईएमए बरेली को बेस्ट ब्रांच इन यूपी, डॉ. राजीव कुमार गोयल को बेस्ट प्रेसिडेंट इन यूपी, डा. गौरव गर्ग को बेस्ट सक्रेटरी इन यूपी, बेस्ट एडीटर फॉर बीआईएमए इन यूपी स्टेट, बेस्ट रिफ्रेशर कोर्स/साइंटिफिक इन 2023-24 एवं डॉ. मनोज अग्रवाल को प्रेसिडेंट अप्प्रेसिअशन अवार्ड एवं अन्य कई गोल्ड मेडल्स मिले जिनमें डा. आरके सिंह, डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. शिवम् कमठान, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. रूचि श्रीवास्तव, डॉ. रितु राजीव, डॉ. संध्या गंगवार आदि शामिल हैं। ये सम्मान न केवल चिकित्सा क्षेत्र में आईएमए बरेली के योगदान को मान्यता देते हैं, बल्कि संस्था को उच्च मानक स्थापित करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। यह अवाड्र्स लेने आईएमए बरेली की ओर से पूर्व टीम एवं वर्तमान टीम गाजियाबाद में आईएमए यू.पी. स्टेट के 89 वें वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुई। इन अवाड्र्स की उपलब्धि पर आईएमए बरेली के सभी सदस्यों द्वारा डा. राजीव गोयल, डा. गौरव गर्ग, डा. आर. के. सिंह, डा. रवीश अग्रवाल, डा. विमल भारद्वाज आदि को शुभकामनायें दी गईं।



# डॉ.राजेंद्र प्रसाद की याद में सिटी शमशान भूमि पर हुआ पौधारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली -। अन्तर्राष्ट्रीय कायस्थ परिवार के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की 141 वीं जयंती बरेली सिटी शमशान भूमि पर पौधारोपण एवं विचार गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपमेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपमेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद जी एक सच्चे देशभक्त और एक महान नेता थे, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके लिए उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। वह भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1960 में अपने राष्ट्रपति पद के द्वितीय कार्यकाल में बरेली सिटी शमशान भूमि में उन्होंने चंदन का पेड़ लगाया था जो संरक्षण के अभाव में चोरी हो गया था उन्हीं से प्रेरणा लेकर आज उनकी जयंती पर हम बेल, नीम, आम, जामुन एवं अमरूद आदि के पौधे लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। सुनील सक्सेना ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी सादगी व शालीनता की मिसाल थे। नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिकेश कुणाल सिंहा की संस्तुति पर प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश जौहरी द्वारा संगठन और समाज को मजबूत करने का आवाहन करते हुए अतुल सक्सेना को अंतर्राष्ट्रीय कायस्थ परिवार, बरेली महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया । कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश जौहरी, अतुल सक्सेना ,सुनील सक्सेना, पूर्व पार्षद महेश पंडित, विनीत सक्सेना, राकेश सक्सेना, आदेश कुमार सैनी, पारस,शंकर स्वरूप सक्सेना, संजय सक्सेना, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री जगदीश निमिष ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

# बरेली के नील शर्मा ने किया नाम रोशन, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से पास आउट हुए

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। बटलर प्लाजा के चश्मा व्यापारी शैलेश शर्मा के पुत्र नील शर्मा ने एन डी ए से पास आउट होकर जिले का नाम रोशन किया । बताते चलें कि नील शर्मा शुरू से ही मेघावी छात्र रहे। इन्होंने बारहवीं की परीक्षा जी आर एम स्कूल से 94त्न से पास की थी और यूपीएससी की एन डी ए की परीक्षा पहले प्रयास में ही पास की थी। 3 साल की कठिन ट्रेनिंग के उपरांत वायु सेना प्रमुख ऐ पी सिंह की मौजूदगी में पास आउट हुए । मां अलका शर्मा का मोटिवेशन शुरू से ही इन्हें मोटिवेट करता रहा । नील शर्मा की बहन भाव्या शर्मा भी जी आर एम की कक्षा 8 की छात्रा हैं ।



# पुत्री के ससुराल वालों ने किया अपमानित तो हार्ट अटैक से पिता की मौके पर मौत

क्यूँ न लिखूँ सच-रजनीश श्री वास्तव

